तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025



12 सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय वाद...





11 गांवों में कृषि कार्य जोरों पर, किसान जुटे निदाई में






## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद**। वार्ड क्रमांक 12 गंजपारा निवासी सिद्धार्थ ने बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।सिद्धार्थ ने पुलिस को बताया कि ग्राम पेंड्री अटल चौक स्थित अपने कृषि केंद्र में वह दुकान पर था। इसी दौरान रविन्द्र कुमार ने उनसे बताया कि वह उनकी मोटरसाइकिल (सीजी 07 एसी 6120) खेत जाने के लिए मांगकर ले गया था। लगभग 11:20 बजे रविन्द्र ने बाइक को पेंड्री तांदुला नदी के पास फागुनदाह रोड किनारे चाबी सहित खड़ा किया और खेत चला गया। करीब 25 मिनट बाद, जब वह वापस लौटा, तो बाइक वहां से गायब थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही सिद्धार्थ और रविन्द्र ने आसपास गांव और परिचितों में बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस अज्ञात चोर की तलाश कर रही है।

### गाली-गलौज कर मां को पीटा, बेटा गिरफ्तार

**बालोद**। बेटे द्वारा अपनी मां के साथ गाली गलौज व मारपीट करने की जानकारी पर ग्राम के कोटवार व ग्रामीणो ने महिला की सहायता करते हुए थाना पहुंचाया और बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम लिमोरा निवासी टीकम दास मानिकपुरी ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम का कोटवार है। उसे शाम गांव के लोग सूचना दिये कि यशवंत मण्डावी अपनी मां उदाशा मण्डावी को शाम बिना कारण गाली गलौच कर हाथ मुक्का लात घुसे से मारपीट कर गली में घसीट रहा है। जिसके बाद वह तालाब पारा यशवंत मण्डावी के घर शिवम साहू, जालम पडोटी के साथ गये तो उदाशा बाई अपने घर के परछी में पडी थी और उसके बाये हाथ में चोट लगा था। हाथ को ऊपर नही उठा पा रही थी दर्द से कराह रही थी यशवंत मण्डावी कमरे के अंदर था जिसके आवाज लगाने पर बाहर आया और गालिया देकर धमकाने लगा तुम लोग कौन होते हो मेरे घर आने वाले भग जाओ यहां से बोला तब हमलोग दाई उदाशा को किसी तरह मिलकर उठाकर गाडी में थाना लेकर आये है। उदाशा दाई का कंधे में चोट है।

### लापता युवक का शव पुराने कुएं में मिला

**बालोद**। गुण्डरदेही नगर में निवास करने वाले एक युवक पिछले दो दिन से लापता बताया जा रहा था। जिसकी खोजबीन परिजनों द्वारा लगातार की जा रही थी। इसी खोजबीन के दौंरान युवक के भाई ने मृत युवक का शव रेल्वे स्टेशन के पास पुराने कुंए मे तैरते देखा जिसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही नगर निवासी सोनू तिगाला पिछले दो दिन से अपने घर से लापता था। जिसकी खोजबीन परिजनो द्वारा लगातार की जा रही थी तथा आस पास के साथ अन्य रिश्तेदारो से संपर्क कर युवक के बारे में परिजन जानकारी जुटा रहे थे। लेकिन युवक का कही पता नही चल पा रहा था। इसी दौरान युवक का भाई जब युवक की खोजबीन करते हुए रेल्वे स्टेशन के पास से गुजर रहा था तब युवक के भाई को रेल्वे स्टेशन के पास एक पुराना कुंआ दिखा, जब मृत युवक का भाई कुंआ के पास पहुंचा तो उक्त पुराने कुआ मे एक शव तैरते देख व चौक गया तथा इसकी जानकारी आस पास के लोगो व पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंचने के बाद शव को कुंआ से निकाला गया और शव की पहचान की गई। जिसके बाद पिछले दो दिन से युवक की खोजबीन कर रहे परिजनो में शोक व्याप्त हो गया। जहां पुलिस द्वारा शव का पंचनामा तैयार कर शव का पीएम के बाद शव परिजनो को सौंप दिया गया।

# बालोद पुलिस ने बैंकों के साथ मिलकर शुरू किया साइबर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस कार्यालय बालोद में जिले के बैंक प्रबंधकों के साथ साइबर जागरूकता अभियान को लेकर बैठक हुई। पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर अपराध पर अंकुश लगाने बैंक प्रबंधकों से साइबर सुरक्षा बिन्दुओं पर चर्चा कर आम जनता तक टोल फ्री नंबर 1930 एवं साइबर पोर्टल का व्यापक जागरूकता फैलाने हेतु विशेष अपील की गई।

बैंक एवं एटीएम सुरक्षा हेतु प्रॉपर सीसीटीव्ही कैमरा लगाने, सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती एवं अलार्म सिस्टम चालू रखने उचित दिशा निर्देश दिए गए। जिले के विभिन्न बैंकों के प्रबंधकों के साथ साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य जनसाधारण को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी की रोकथाम एवं जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के प्रति सजग करना था।

बैठक के प्रमुख एजेंडा के रूप मे साइबर जागरूकता अभियान का हिस्सा बनने, सायबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता पाम्पलेट का बैंक में प्रदर्शन करने, साइबर ठगी संबंधी संदेहास्पद कॉल, मैसेज या लिंक मिलने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने एवं साइबर क्राइम पोर्टल पर रिपोर्ट करने की अपील एवं व्यापक प्रचार, नये खाते प्रापर वेरिफिकेशन के बाद ही चालू की जावें, म्यूल एकाउंट के संबंध में जानकारी, किसी खाते में अचानक अधिक राशि लगातार जमा/निकासी होने पर पुलिस को सूचना देना, सीसीटीवी कैमरा केवल बैंक के अंदर ही नहीं ▶▶| शेष पेज 11 पर

## साइबर अपराध रोकने बालोद पुलिस ने बैंक प्रबंधकों को दिए दिशा-निर्देश



**समय–समय पर जागरूक जरूरी: पुलिस अधीक्षक :** बैठक में पुलिस अधीक्षक बालोद ने बैंकिंग क्षेत्र में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सभी बैंक प्रबंधकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंक उपभोक्ताओं को समय–समय पर जागरूक करने हेतु जनसंपर्क गतिविधियों जैसे सेमिनार, ग्राहक बैठक, पोस्टर–बैनर, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तथा एसएमएस अलर्ट का अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए।

### सामूहिक प्रयासों से अपराधों से होता है नियंत्रण

पुलिस विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि सामूहिक प्रयासों से ही साइबर अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। बैंकिंग संस्थानों और पुलिस का आपसी समन्वय नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराने में सहायक होगा। अंत में एसडीओपी बालोद ने सभी बैंक प्रबंधकों को आश्वस्त किया कि पुलिस विभाग हर स्तर पर सहयोग के लिए तत्पर है और जनता के साथ मिलकर इस अभियान को सफल बनाया जाएगा।

## कार्रवाई : व्यापारी से छड़ को कम दाम में देने का झांसा देकर की ठगी

# ठगी मामले में बिहार से आरोपी गिरफ्तार, 2 लाख और मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज:बालोद

कामधेनु टीएमटी छड़ को कम दाम में देने का झांसा देकर थाना बालोद क्षेत्र के व्यापारी से 2,67,875 की ठगी किया गया था, जिसमे ग्राम पलनी थाना मानपुर जिला नालन्दा बिहार निवासी आरोपी मोहन यादव पिता ब्रह्मदेव यादव 29 वर्श को नालंदा बिहार से गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। दीगर राज्य से साइबर अपराधियों को पकड़ने में लगातार बालोद पुलिस को सफलता मिल रही। आरोपी के कब्जे से 04 नग मोबाइल, 5 नग सिमकार्ड, नगदी 2 लाख रुपए जप्त किया गया है।

थाना व साइबर सेल से एक टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी हेतु नालंदा बिहार राज्य भेजा गया, टीम द्वारा नालंदा बिहार जाकर वहां कैम्प कर लोकल इंट मुखबिर लगाकर और लोकल थाना के सहयोग से प्रकरण में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रार्थी ने थाना आकर एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका कन्नेवाडा में टाइल्स, छड़, सीमेंट बिक्री का शॉप है। जिसे आरोपी द्वारा अपने आप को व्यापारी हु कामधेनु छड़ को कम दाम में देने के नाम पर प्रार्थी को झांसा में लेकर अपने बंधन बैंक के फर्जी बैंक खाता में 2,67,875 रुपए अपने खाते में जमा कराकर को समान नहीं देकर उसके साथ धोखाधड़ी किया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में धारा 317(4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बालोद द्वारा थाना बालोद और साइबर सेल से विशेष टीम बना कर प्रकरण के आरोपियों को जल्द पकड़ने निर्देशित किया गया। प्राथएँ के बताए संदेही बैंक खाता का एनालिसिस करने पर खाता पटना बिहार का होना पाया गया और रकम नालंदा एटीएम मशीन से निकलना पाया गया बालोद पुलिस द्वारा रकम आहरण का सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किया गया।

आरोपी के संबध में संदेही बैंक खातों की जानकारी, केवायसी मोबाइल नम्बर इत्यादि तकनीकी जानकारी एकत्र कर आरोपी का पुख्ता जानकारी होने पर विशेष टीम को नालंदा बिहार रवाना किया गया था। टीम नालंदा बिहार पहुंच कर वहां कैंप कर लोकल संनसूचना पर लोकल पुलिस की मदद से संदेहियों की जानकारी प्राप्त कर आरोपी को घेरा बंदी कर टीम ने प्रकरण में आरोपी को गांव पलनी थाना मानपुर जिला नालन्दा बिहार से विधिवत गिरफ्तार कर जिला बालोद लाया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजा गया।





# स्कूटी ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, युवक की मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तीजा लेकर मोटर सायकल के माध्यम से वापस आ रहे भाई बहन को तेजरफ्तार स्कूटी ने ठोकर मार दी। जिसके बाद बहन को तीजा लेकर वापस आ रहे बाईक सवार युवक की मौत हो गई जिसके बाद परिजनो द्वारा स्कूटी सवार व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। जहां पुलिस ने धारा 184 एलके, 106(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्व कर लिया है।

ग्राम आलीखुंटा निवासी नरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि मेरा बड़ा लड़का जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा हमारे मोटर सायकल स्पेलेण्डर सीजी 07 एफ 1442 में मेरी लडकी संतोषी बाई को तीजा पोला त्यौहार मनाने ग्राम आलीखुंटा लाने के लिये ग्राम चेंदरीबन नवागांव जा रहा था। कि दोपहर करीब 12. से 12.15 बजे के बीच ग्राम जेवरतला तालाब के पास मेन रोड में पहुंचा था। उसी समय सामने पिनकापार तरफ से आ रही स्कूटी क्रं सीजी 08 एवाई 7918 का चालक संजय पंदरामे पिता श्रवण निवासी ग्राम गर्रापार थाना गैंदाटोला जिला राजनांदगांव ने अपनी स्कूटी को काफी तेज गति लापरवाहीपूर्वक, उतावलेपन व खतरनाक ढंग से चलाते हुये लाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे मेरा लडका जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा के सिर में गंभीर चोंटे लगी है और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गया है। घटना की जानकारी मुझे पता चलने पर मैं मौके पर आया था। एक्सीडेंट की घटना घटित करने वाला स्कूटी का चालक संजय पंदरामे को भी चोंट लगी थी।

### पुलिस ने 255 वारंटियों को गिरफ्तार किया

**भिलाई**। जिले के वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर 255 को गिरप्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 20 से 22 अगस्त तक पुलिस का विशेष अभियान चला। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वारंटियों की पतासाजी कर टीम बनाकर गिरफ्तार किया गया। वारंटियों के सकुनत, संभावित जगहो पर दबिश दिया गया। इस दौरान 107 बेमियादी, 148 गिरफ्तारी वारंट को पकड़ा गया। अभियान के तहत वारंटियों का नाम सूचीबद्ध कर, फिंगर प्रिंट लेकर डाटा बेस तैयार किया गया है। अभियान में जिलो के सभी थानो के साथ-साथ एसीसीयू की टीम का अहम योगदान रहा है। अभियान में नेवई के वर्ष 2009 के प्रकरण में फरार वारंटी को भी पुलिस ने पकड़ा है।

# मालगाड़ी से टकराकर अज्ञात युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

रेलवे स्टेशन से बालोद की ओर रेलवे ब्रिज के आगे अज्ञात युवक की मालगाड़ी से टकराने से मौत हो गई ,घटना की जानकारी मिलते ही राजहरा पुलिस बल घटना स्थल पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्ती ना होने पर बी एस पी अस्पताल दल्लीराजहरा के मरचूरी में रखा गया है।

विजय जगत उप निरीक्षक राजहरा थाना ने बताया की रेलवे विभाग से सूचना मिली की सुबह लगभग 5.20 बजे पोल क्रमांक 944/03 के समीप बालोद से दल्लीराजहरा की और जा रही खाली मालगाड़ी से टकराने से अज्ञात युवक की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर राजहरा पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को बरामद किया और आसपास खोजबीन की गई किंतु मृतक के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई, मृतक का चेहरा छतिग्रस्त हो गया है। मृतक के बाएं हाथ में गोदना से अंग्रेजी में प्लीज इस्माइल लिखा हुआ है। मृतक की आयु 30 से 40 वर्ष के बीच का लग रहा है, मृतक के संबंध में पतासाजी की जा रही है, किसी को भी मृतक के संबंध में जानकारी होने पर राजहरा थाना में सूचना देने की अपील की है, राजहरा थाना में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।



# तीजा-पोला पर महिलाओं की खेल प्रतियोगिता आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपराओं और संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से ग्राम सिरपुर में इस वर्ष भी तीजा-पोला पर्व के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन किया गया।

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विवाहित माताओं के लिए मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में मटका फोड़, सुरीली कुर्सी दौड़ और रस्साकसी जैसे खेल मुख्य आकर्षण रहे। महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लेकर प्रतियोगिताओं को रोमांचक बना दिया। विजेताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को आयोजकों द्वारा श्रृंगार सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं ने एकजुट होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं दर्शकों ने भी तालियों और उत्साहवर्धन से प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। तीजा-पोला पर्व केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सद्भाव, भाईचारा और महिलाओं के सशक्तिकरण का भी संदेश देता है।





### पोला पर्व गैंती में हर्ष उल्लास के साथ मनाया

**डौंडीलोहारा**। समीप के ग्राम गैंजी में भाद्र पद आमावस्या तिथि को नंदीश्वर के प्रतीक वृषभ बैलों की पूजा अर्चना करके खेती किसानी से जुड़ी हुई सम्पूर्ण गौ वंश के प्रति आस्था व सम्मान, पशुधन के प्रति कृतज्ञता एवं सुरक्षा का पर्व मनाया गया। सभी के घरों मे सामर्थ अनुसार छत्तीसगढ़ की प्रमुख व्यंजन ढेठरी, खुर्मी, बड़ा, सोंहारी,भजिया आदि बनाकर मिट्टी से बनी नंदी बैल व पोरा जाता का श्रद्धा के साथ पूजन किया गया, उसके बाद सभी बच्चे काठ एवं मिट्टी से बनी नदिया बैल को गलियों, मोहल्लो मे घुमाया गया तथा बेटियां भी मिट्टी से निर्मित रसोई घर में आने वाली सम्पूर्ण सामग्री पोरा, जाता, चुकी, चूल्हा, चम्मच, कड़ाही, चौकी, बेलना आदि का खेल खेलकर अपनी खुशियों का इजहार करके भाईचारे की भावना को प्रकट किया, यह पर्व आपसी बैर भावनाओं को त्यागकर प्रेम पूर्वक आपस मे गले मिलकर परमात्मा को धन्यवाद प्रेषित करने का पर्व है पर कहीं कहीं पर दुर्व्यसनों का सेवन कर मांस मछली या अन्य जीवों की हत्या करके अपनी पवित्र मन को दूषित करना ये हमारी परम्परा में नहीं है, क्योंकि हम सब ऋषि परम्परा और कृषि परम्परा के संतान है, हमें सदा बुरे व्यसनों से बचकर रहना चाहिए, सभी पर्व हमें सदा से यही संदेश देती आ रही है, इसका हम सभी को पालन करना चाहिए।



## कार्यक्रम में रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा

# विश्व बंधुत्व दिवस पर आत्मज्ञान भवन में दादी प्रकाशमणि को किया गया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में पत्रकारों द्वारा ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि जी को श्रद्धांजलि दी गई।

गौरतलब है कि ब्रह्माकुमारीज माउंट आबू की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि के स्मृति दिवस 25 अगस्त को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में पूरे विश्व भर में मनाया जाता है, जिसके तहत संस्था द्वारा अलग अलग जन कल्याण कार्य किए जाते हैं। इस वर्ष भी दादी जी के 18वीं स्मृति दिवस पर 22 से 25 अगस्त तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन पूरे भारत एवं नेपाल देश में किया जा रहा है, जिसमें संस्था द्वारा 1 लाख यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य रखा गया है। विशेष बात यह है कि केवल दो दिनों में ही 50 हजार यूनिट तक का लक्ष्य संस्था द्वारा हासिल कर लिया गया है। इसी के तहत आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद सेवा केंद्र द्वारा भी आज एक दिवसीय रक्तदान शिविर शासकीय जिला अस्पताल बालोद में रखा गया है, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में आस पास के गांव सहित नगर के सभी भाई बहने स्वेच्छा से रक्तदान करने सादर आमंत्रित किया गया हैं। आमापारा बालोद स्थित आत्मज्ञान भवन में 21 अगस्त से दादी जी का श्रद्धांजलि कार्यक्रम अनवरत चल रहा है जिसके तहत रविवार को मीडिया कमएँ सम्मिलित हुए। बीके सरिता दीदी ने सभी को अध्यात्म का ज्ञान देते हुए आत्मा परमात्मा एवं राजयोग का सारगर्भित परिचय कराया एवं राजयोग मेडिटेशन की अनुभूति भी कराई। राजयोगिनी बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने सभी को दादी प्रकाशमणि जी के व्यक्तित्व के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाल्य काल से ही दादी का झुकाव आध्यात्मिक के प्रति रहा। संस्था की शुरुआत 1936 में दादी जी संस्था के साकार संस्थापक ब्रह्मा बाबा के साथ–साथ रहकर 14 वर्षों तक सिंध हैदराबाद में तपस्या की एवं 1950 में भारत लौटने के बाद 1952 से माया नगरी मुंबई में आध्यात्मिक ज्ञान का प्रकाश फैलाए। ब्रह्मा बाबा के देहा त्याग करने के पश्चात 1974 से इस आध्यात्मिक ज्ञान को पूरे विश्व के 140 देशों तक फैलाने के लिए निमित्त बनी। इस प्रकार भारत में प्रज्वलित इस आध्यात्मिकता के प्रकाश को पूरे विश्व तक फैलाने में दादी जी की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर भोपसिंह साहू, बीके तरुण साहू, बीके खिलावन साहू, बीके जागेश भुआर्य एवं बीके मनीष वैदे उपस्थित थे।



# ताकेंद्र और हिमांशु का नौसेना में हुआ चयन

**बालोद**। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा संचालित शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा प्रशिक्षित बालोद के दो युवाओं का चयन अग्नि वीर योजन के अंतर्गत भारतीय जल सेना में हुआ।

एकेडमी के कोच किशोर नाथ योगी एक्स आर्मी ने बताया कि विगत 3 वर्षों से एकेडमी युवाओं को प्रशिक्षण देते आ रहा है जिसमे ये युवा ताकेंद्र कुमार व हिमांशु सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने सपनों को साकार किया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष नंद किशोर साहू ने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए जानकारी दी कि एकेडमी के माध्यम से बालोद एवं वनांचल के युवाओं को खेल का प्रशिक्षण देने के साथ साथ अग्निवीर भतएँ हेतु फिजिकल ट्रेनिंग लिखित परीक्षा की तैयारी तथा मेडिकल टेस्ट भी बालोद जिला के पूर्व सैनिकों के माध्यम से निः शुल्क करवाया जाता है जिससे युवा बिना परेशानी के अपने सपनों को पूरा कर सकें। एकेडमी के उपाध्यक्ष मनीष ठाकुर, कृष्णा प्रसाद तिवारी, मोहित साहू एवं एकेडमी के सदस्यों ने चयनित साथियों के प्रति हर्श व्यक्त है।



**11 मिलियन टन का लक्ष्य बना चुनौती**

# सेल के 30 एमटी इस्पात उत्पादन लक्ष्य पर भारी पड़ सकता है बीएसपी का आधुनिकीकरण-विस्तारीकरण प्रोजेक्ट में विलंब, बढ़ जाएगी लागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

अलग खबर

भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक इस्पात कंपनी सेल (स्टील अथारिटी आफ इंडिया) के आगामी विस्तार के लक्ष्य में कंपनी की ध्वजवाहक इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र की बड़ी भूमिका रहेगी। लेकिन इस मामले में बीएसपी के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण परियोजना में लेटलतीफी भारी पड़ सकती है। एक्सपांशन प्रोजेक्ट में विलंब का चौतरफा असर पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2031 तक सेल के 30 मिलियन टन इस्पात उत्पादन के विस्तार की योजना है। इसके तहत सेल के प्रमुख संयंत्र बीएसपी और बोकारो स्टील प्लांट का उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिकीकरण और विस्तार किया जाना है। पिछली एक्सपांशन प्रोजेक्ट 2016-17 में पूर्ण होने के बाद बीएसपी की उत्पादन क्षमता 5 मिलियन टन से बढ़कर 7 मिलिटन टन क्षमता हो गई है। आगे 11 मिलियन टन का लक्ष्य है। लेकिन वर्तमान में बीएसपी में साढ़े पांच मिलियन टन ही इस्पात उत्पादन



## समय पर लक्ष्य पूरा नहीं होने से पड़ेगा चौतरफा दबाव

हो रहा है। इसकी वजह रा मटेरियल की कमी और फिर बीएसपी का आगामी विस्तारीकरण प्रोजेक्ट भी अब तक शुरु नहीं हो पाना है। प्रोजेक्ट में लेटलतीफी से सेल का 30 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य कैसे पूरा होगा, इस सवाल से सेल प्रबंधन के साथ इस्पात मंत्रालय भी जूझ रहा है । यूनियन सूत्रों के मुताबिक समय पर लक्ष्य पूरा नहीं होने से चौतरफा प्रभाव पड़ेगा। बीएसपी सहित सेल कंपनी और कार्मिकों की भी दिक्कतें बढ़ सकती हैं।

### लागत बढ़ने से कर्मियों की सुविधाओं पर पड़ेगा असर

कंपनी का उत्पादन लक्ष्य बढ़ाने विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण परियोजना में विलंब बढ़ने से इस प्रोजेक्ट की लागत बढ़ती जाएगी। इसका असर कर्मियों की सुविधाओं पर पड़ सकता है। वहीं घरेलू और विश्व बाजार में सेल को इस्पात की डिमांड पूरा करने में भी कठिनाई आएगी। फिर मेन पावर तेजी से कम हो रहा है और विशेषज्ञ टेक्नोक्रेड व टेक्निशियन तेजी से रिटायर हो रहे हैं। यूनियन सूत्रों के अनुसार लागत राशि का बैंक ऋण और ब्याज बढ़ने से इसकी भरपाई आखिर कहां से होगी ? क्योंकि पिछला प्रोजेक्ट वर्ष 2012 में पूरा होना था लेकिन पूरा हुआ 2017 में । पिछल प्रोजेक्ट की लागत साढ़े सत्रह हजार करोड़ राशि थी। कंपनी आगामी प्रोजेक्ट के लिए 32 हजार करोड़ रुपए लोन सेंग्शन करवा रही है।

## खबर संक्षेप

### एक्टिवा चोर गिरफ्तार



**भिलाई।** एक्टिवा चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नेहरु नगर ईस्ट निवासी सईद खान की एक्टिवा घर के सामने खड़ी थी। अज्ञात ने वाहन को चोरी कर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस हरकत में आते हुए मॉडल टाउन सड़क नं. 01 स्मृति नगर थाना सुपेला निवासी आदित्य बाघ उर्फ आदि को पकड़ा गया। युवक को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। युवक को पुलिस ने घड़ी चौंक के पास से पकड़ा गया। आरोपी के पास से पुलिस एक्टिवा सीजी 07 सीयू 9581,मोबाईल, धारदार चाकु जब्त किया गया। आरोपी आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी थानों में अपराध दर्ज है। आरोपी को पुलिस न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान है।

### नए पाठ्यक्रम पर शिक्षकों को प्रशिक्षण



**भिलाई।** कक्षा छठवीं के नवीन पाठयपुस्तकों पर शिक्षकों का प्रशिक्षण रिसाली आत्मानंद स्कूल में विकासखंड स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण दुर्ग ब्लॉक का आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सरस्वती देवांगन, प्रेमलता गुप्ता, साइंस कुमारी नेताम, खेमराज साहू बीआरजी द्वारा विषय आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा, प्रशिक्षण के साथ पाठ्य सहगामी क्रिया कलापों पर पाठ प्रदर्शन, साथ ही देवेंद्र तिवारी प्रधान पाठक द्वारा योग के महत्व बताया गया। डाइट से संगीता साहू द्वारा पाठ को बच्चों तक सहजता से संप्रेषित करने की बात कही। नेम सिंह साहू वरिष्ठ संकुल समन्वयक ने कहा कि पाठ पढ़ाने के पूर्व शिक्षक पूरी तैयारी के साथ कक्षा में उपस्थित रहे। पाठ में आ रही गतिविधियां भी कक्षा में कराई जाय, पाठ का शीर्षक एवं कवि एवं रचनाकार के बारे में भी जानकारी बच्चों को दें। समय-समय पर शिक्षकों द्वारा गीत, पाठ प्रदर्शन, जादू, खेल, शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण, कला शिक्षा,व्यावसायिक शिक्षा की भी जानकारी बीआरजी ग्रुप द्वारा दिया जा रहा। विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेश्वरी चंद्राकर, बीआरसी श्रवण सिन्हा द्वारा भी शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया गया।

**मौसम : जिले में अब हो गई 697.9 मिलीमीटर औसत बारिश**

# भादो में लगी पूरे दिन झड़ी, एक दिन में 24.5 मिमी बारिश, खेती के लिए वरदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भादो में पूरे दिन शनिवार को झड़ी लगी रही। रूक-रूक कर बारिश चली। एक ही दिन में दुर्ग जिले में 24.5 मिलीमीटर की बारिश दर्ज की गई है। यह बारिश ऐसी रही कि पूरे जिलेभर लगभग समान बारिश हुई। इसलिए इसे खेती के लिए वरदान माना जा रहा है। किसानों के चेहरे में खुशी छाने लगी है। एक जून से मानसूनी सीजन शुरू है और अब तक 697.9 मिलीमीटर की बारिश हो चुकी है। पिछले साल 733.2 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी। इस हिसाब से औसत बारिश से 5 मिलीमीटर की कमी है लेकिन जिस तरह से सिस्टम प्रभाव डाल रहा है उससे और बारिश की उम्मीदें बनी हुई है।

### इस तरह जिले में समान बारिश

शनिवार को बारिश जिलेभर में एक जैसी ही रही। भिलाई में 3.4 मिलीमीटर बारिश हुई। दुर्ग में 4.6 मिलीमीटर और बोरी में 4.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। अहिवारा में 3.8 मिलीमीटर , धमधा में 3.5 मिलीमीटर और पाटन में 5.0 मिलीमीटर की बारिश हुई है।



### एक नया निम्न दाब बन रहा खाड़ी में

मौसम विभाग के मुताबिक एक नया निम्न दाब का क्षेत्र 25 अगस्त को उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी-उड़ीसा तट से दूर पश्चिम बंगाल तट पर बनने की संभावना है। इसलिए दुर्ग सहित प्रदेश में 24 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है । भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है ।

### इस तरह द्रोणिका है सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम बंगाल और उससे लगे क्षेत्र में स्थित है इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर विस्तारित है, इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड की ओर आगे बढ़ते हुए क्रमशः कमजोर होने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर गंगानगर, ग्वालियर, बांदा, डेहरी, निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर मध्य प्रदेश और उससे लगे दक्षिण उत्तर प्रदेश के ऊपर स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### इस तरह चक्रवाती परिसंचरण हो रहा स्थापित, प्रदेश में कई जगह भारी वर्षा की संभावना

एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम बंगाल और उससे लगे क्षेत्र में स्थित है इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर विस्तारित है, इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड की ओर आगे बढ़ते हुए क्रमशः कमजोर होने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर गंगानगर, ग्वालियर, बांदा, डेहरी, निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर मध्य प्रदेश और उससे लगे दक्षिण उत्तर प्रदेश के ऊपर स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक नया निम्न दाब का क्षेत्र 25 अगस्त को उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी-उड़ीसा तट से दूर पश्चिम बंगाल तट पर बनने की संभावना है। प्रदेश में 24 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है ।

**जन समस्याओं से जूझ रहे है लोग**

# पालिका से क्षुब्ध होकर लोगों ने किया व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल वार्ड 18 आजाद चौक क्षेत्र की सड़क लंबे समय से गड्ढों और कीचड़ से बेकार हो गया है। बारिश के दिनों में यहां की हालात और भी बिगड़जाते है। जिससे बच्चों, महिलाओं, वृद्धजनों सहित आमजन को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर 11 अगस्त को जामुल पालिका में समस्या के निजात के लिए आवेदन किया गया दिया था। यहां मुरम डालने के लिए जेसीबी मशीन की मांग की थी। लेकिन पालिका की ओर से व्यवस्था को दूरुस्त नहीं किया गया। वार्ड की महिलाओं के साथ वार्ड 6 निवासी रश्मि वर्मा, वार्ड 13 संजय साहू जामुल पालिका पहुंचे थे। इस दौरान पालिका के अधिकारी ने अभद्र व्यवहार करते हुए जेसीबी उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया। इतना ही नहीं दोनों के खिलाफ जामुल थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई।

■ आजाद चौक जामुल में डलवाया गया मुरम

जामुल पालिका की उदासीनता और जनसमस्या की अनदेखी से क्षुब्ध होकर जेसीबीस, ट्रैक्टर की व्यवस्था कर वार्डवासियों की मदद कर मूरम डलवा गया। इस कार्य से लोगों को काफी राहत मिली।

# पेशी में जाने के लिए रुपए मांगे नहीं देने पर युवक पर हमला

## नंदिनी पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

पेशी में जाने के लिए रुपए नहीं देने पर प्राण घातक हमला करने वाले युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।



■ आरोपी पुलिस पकड़ से है बाहर

नंदिनी पुलिस ने बताया कि लीला चौरा, दाऊपारा खजरी निवासी रोहित सिंह राठौर से 1 सप्ताह पूर्व सतनामी पारा का रहने वाला राकेश भारती पेशी में जाने के लिए रुपए का डिमांड किया। रुपए देने से इंकार करने पर पीडित पर राकेश भारती, ताराचंद चंदेल, डेविड ने मिलकरर गाली गौलज कर प्राणघातक हमला कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दिया। आरोपी राकेश भारती, ताराचंद चंदेल डण्डा से पीड़ित को सिर, बाये हाथ, सीना डेविड सतनामी हाथ मुक्का से मारपीट किया। घटना में सिर, पीठ, बाये पैर, बाये कंचा एवं बाये पसली में चोट आई है। जिसे प्राथमिक उपचार के लिए शासकीय असपताल अहिवारा से जिला अस्पताल में रेफर किया है।

# झपट्टामारी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

झपट्टामारी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि डबरा पारा भिलाई तीन निवासी कृष्णा दास मानिकपुरी नंदिनी रोड छावनी में घर जाने के लिए आटो का इंतजार कर रहा था। इस दौरान बाइक सवार आया। पीड़ित से पूछने लगा कि कहां जा रहे हो। पीड़ित को आरोपी अपने बाइक में बिठाकर लेकर गया। कुछ दुरी पर उसका दोस्त बाइक पर बैठा था। दोनों ने मिलकर चांदी का चैन, चांदी का ब्रेसलेट, पुरानी घड़ी को झपटमारी कर आरोपी अपने साथ लेकर फरार हो गए। पुलिस में शिकायत होने के बाद मुखबिर की सूचना पर सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया। संदेही खुर्सीपार निवासी एस. अमन को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपने दोस्त सेक्टर 11 खुर्सीपार निवासी एस. थामस के साथ मिलकर झपटमारी करना स्वीकार किया। जामुल थाना प्रभारी राजेश मिश्रा व टीम का योगदान रहा।

■ डबरापारा भिलाई-3 की घटना

# टाउनशिप से अवैध प्रचार सामग्री हटवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा टाउनशिप में सड़कों के किनारे अवैध बैनल पोस्टर हटाए जा रहे हैं। बिना अनुमति प्रचार सामग्री लगाए जाने पर प्रबंधन सख्त कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है। हर प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक दिवारों, पुल-पुलिया, होर्डिंग्स, बिजली के खम्बो, साइन बोर्ड, सूचना बोर्ड, गार्डन, एटीएम, बाजारों में अव्यवस्थित रुप से अवैध प्रचार सामग्री लगाई जा रही हैं। । इससे गंदगी के साथ दुर्घटनाओं का हमेशा खतरा बना रहता हैं।

■ बीएसपी की स्वच्छता बनाने के लिए की अपील

बिना अनुमति और अवैध रूप से शासकीय संपत्ति को नुक़सान करने और हानि पहुंचाने की दृष्टि से लगायें जाने वाली अवैध प्रचार सामग्री, वाल पेंटिंग, होर्डिंग्स, बैनर, टैम्पलेट, पोस्टर लगाने वाले संस्थानों/ व्यक्तियों पर कार्यवाही की जाएगी। इस अभियान के तहत अवैध बैनर एवं पोस्टर हटाए जा चुके हैं। हटाये गये अवैध प्रचार सामग्री के बाद फिर से कुछ लोगों द्वारा प्रचार सामग्री लगाई जा रही हैं। अवैध प्रचार सामग्री के साथ बीएसपी टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में बिना अनुमति निर्माण, अतिक्रमण, शेड निर्माण एवं क्वार्टरों पर कब्जा जैसी गतिविधियों पर भी कड़ी कार्यवाही की जा रही है।



## पोस्टर में साक्षी व स्लोगन स्पर्धा हेमा प्रथम के विजेता सम्मानित

**दुर्ग।** गर्ल्स कॉलेज में एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला, पोस्टर तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में 16, स्लोगन में 24 छात्राओं की भागीदारी रही। कार्यशाला में छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम साक्षी तम्बोली, पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान नीतू देशमुख, पीजी डिप्लोमा इन योगा, प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय खुशी प्रजापति, बीए प्रथम सेमेस्टर रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम हेमा कुमारी, पीजी डिप्लोमा इन योगा, प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय विधि खरे, एमएससी प्राणीशास्त्र, तृतीय सेमेस्टर तथा तृतीय स्थान मेघा, बीए तृतीय वर्ष, निधि खरे, एमएससी. प्राणीशास्त्र तृतीय सेमेस्टर रहीं।

## युवक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि खम्हरिया निवासी कमल राय अपने कमरे में फांसी लगा लिया है। मूल निवास कांकेर है। जहां रहता था वहां आधा दर्जन से अधिक लोग किराए पर रहते है। मकान मालिक किराएदारों की का डिटेल पुलिस को नहीं दिया है। फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

**मच्छर जनित रोगों के खिलाफ बीएसपी का जागरुकता अभियान**

# डेंगू से बचाव के तरीके बता रही बीएसपी की टीम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा टाउनशिप के नागरिकों को डेंगू, मलेरिया तथा अन्य मच्छरजनित रोगों से सुरक्षित रखने के लिए चलाये जा रहे जागरूकता एवं नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जिला मलेरिया विभाग के सहयोग से भुगतान के आधार पर 120 ब्रीडर चेकर और सर्वेयर की विशेष टीम गठित की गई है। टीमें टाउनशिप के सभी घरों में डेंगू सर्वे कार्य के सा नागरिकों को डेंगू से बचाव के तरीकों के बारे में भी जागरूक कर रही हैं।

नगर सेवाएँ विभाग के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई हैं कि घरों में पानी जमा न होने दें, कूलर और टंकियों की नियमित सफाई करें तथा मच्छरदानी का उपयोग करें। इसके अतिरिक्त बैकलेन क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनमें फॉगिंग, टेमीफॉस का वितरण और अन्य कीटनाशकों का छिड़काव कर मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट किया जा रहा है।

इस्पात नगरी में मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए 23 जून 2025 से प्रारंभ इस सघन अभियान के अंतर्गत संचालित



गतिविधियों में आवासीय क्षेत्रों का सर्वे और घर-घर निरीक्षण, घरों और बैकलाइन क्षेत्रों में दवाओं का छिड़काव, पोर्टेबल और वाटर फॉगिंग, ऑयलिंग तथा टेमीफॉस का वितरण शामिल हैं। जल संग्रहण के पात्रों कूलर, टंकी, ड्रम आदि को खाली करवाकर उनमें दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है।

प्रतिवर्ष डेंगू के मामलों में वृद्धि का प्रमुख कारण एडीज मच्छरों के लिए अनुकूल प्रजनन की स्थिति है। वर्षा ऋतु के दौरान स्थिर पानी का जमाव, घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में पानी संग्रहण और मच्छर नियंत्रण के प्रति अपेक्षाकृत कम जागरूकता भी इस समस्या को बढ़ावा देती है। मानसून के मौसम में उच्च आर्द्रता और गर्म तापमान मच्छरों की आबादी बढ़ाने में सहायक होते हैं, जिससे डेंगू का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। जन स्वास्थ्य विभाग, भिलाईवासियों से पुनः आग्रह करता है कि वे भी मच्छर नियंत्रण के इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें। व्यक्तिगत स्तर पर अपनाए जा सकने वाले सरल उपाय, जैसे कूलर और पानी की टंकियों को प्रति सप्ताह एक बार पूरी तरह खाली कर साफ करना, पुराने टायरों, खाली बर्तनों व गमलों में पानी जमा न होने दें।

# साहू समाज की महिलाओं ने तीज उत्सव में दी नृत्य की प्रस्तुति

**दुर्ग।** जिला साहू संघ महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका देवीश्री साहू के नेतृत्व में तीज मिलन एवं सावन महोत्सव का आयोजन साहू सदन केलाबाड़ी में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत साहू समाज की आराध्य देवी माता कर्मा की आरती से हुई। स्वागत भाषण महिला संयोजिका देवीश्री साहू ने दिया।

उन्होंने कहा कि भारतीय नारी तीज पर्व पर अपने सुहाग और अपने परिवार की खुशी के लिए यह व्रत रखती हैं। इस पर्व के माध्यम से हम अपनी संस्कृति से जुड़े हुए हैं। आज के तीज मिलन एवं सावन महोत्सव में अनेक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता रखा गया। छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य, तीज ज्ञान,



प्रहसन, गेड़ी नृत्य, फुगड़ी, बिल्लस, तीज क्वीन, बाल पासिंग एवं क्विज गेम हौजी जैसे आयोजन किए गए। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू थीं। अध्यक्षता उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू ने की। कार्यक्रम में डॉ. भारती साहू, दिव्या कलिहारी, सरस्वती साहू, श्रद्धा साहू, प्रिया साहू, कल्पना साहू, रागिनी साहू, मंजू साहू मौजूद थे। रमशीला साहू ने कहा कि तीज का त्योहार महिलाओं के लिए बहुत महत्व रखता है, जो अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए प्रार्थना करती है। तीज, देवी पार्वती और भगवान शिव के पुनर्मिलन का प्रतीक है, जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा कठोर तपस्या के बाद उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया था।

## खबर संक्षेप



### निकाली तिरंगा रैली दिया एकता व अखंडता का संदेश

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों एवं आम जनता में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रति जागरूकता फैलाना था। रैली की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई, जहां कुलपति डॉ. प्रो संजय तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, संकाय सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी, एनएसएस स्वयंसेवक, छात्र-छात्राएं एवं नागरिक उपस्थित रहे। रैली में छात्रों ने देशभक्ति नारों, बैनरों एवं झंडों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली विश्वविद्यालय परिसर से होते हुए मुख्य मार्गों से गुजरती हुई पुनः विश्वविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। इस आयोजन में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भारत की एकता व अखंडता का संदेश दिया। ध्वजारोहण कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक, प्रो. जनेंद्र कुमार दीवान ने किया।

### पवन केसवानी को मिला विशेष सम्मान

**भिलाई।** अंगदान और देहदान के प्रति जनजागरूकता फैलाने के लिए विगत 18 वर्षों से लगातार काम कर रहे प्रणाम संस्था के अध्यक्ष पवन केसवानी को शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, बिलासपुर में विशेष सम्मान से नवाज़ा गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में अंगदान एवं देहदान वर्तमान प्रक्रिया, परिदृश्य, चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर राष्ट्रीय गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पवन केसवानी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

### क्रेडा अध्यक्ष ने किया ऊर्जा शिक्षा उद्यान का निरीक्षण

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने विगत दिवस पाटन विकासखंड अंतर्गत ऊर्जा शिक्षा उद्यान पंदर-देमार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क में चल रहे विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पेज 9 का शेष

### बालोद पुलिस ने बैंकों ...

बैंक के बाहर भी लगावे, अलार्म सिस्टम 24 घण्टा चालू रखना, बंद होने पर तत्काल चालू करावे, पुलिस सैलेरी पैकेज के तहत जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारियों का खाता एड स्विच कन्वर्ट को सुनिश्चित करने ताकि सैलरी पैकेज का लाभ प्रत्येक पुलिस कर्मियों को मिल सके, एटीएम/बैंक गार्ड की चेकिंग/ब्रीफिंग के संबंध में चर्चा, बैंक उठाईगीरी–सजग रहें चेकिंग करें, सीसीटीवी फुटेज तत्काल उपलब्ध कराने हेतू, त्यौहार होने से पैसा बैंक में ज्यादा होने एवं बैंक निर्माण कार्य पर नजर छुट्टी होने से गार्ड की प्रॉपर व्यवस्था कराना, ग्राहकों को ओटीपी, एटीएम पिन, नेटबैंकिंग पासवर्ड या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने की सतत समझाइश, बैंक अधिकारियों द्वारा अपने कर्मचारियों को भी नियमित रूप से साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने पर बल, डिजिटल लेन–देन करते समय सुरक्षित नेटवर्क एवं आधिकारिक ऐप/पोर्टल का ही उपयोग करने का सुझाव दिये गए।

## निधन

### रामहिन बाई कौशिक



**लाटाबोड़।** ग्राम लाटाबोड़ निवासी रामहिन बाई कौशिक 80 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनकी अंत्योशठी ग्राम के ही मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंत्योशठी कार्यक्रम में ग्रामीण सहित सामाजिक बंधु बड़ी संख्या मे उपस्थित थे। वे सोहन व उमेश कौशिक की माता थी।

# मनमर्जी से चला रहे हरदी स्कूल, परसुली समय से पहले बंद, कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग हेमंत उपाध्याय दुर्ग, बालोद व राजनांदगांव जिले के विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। शासकीय स्कूल हरदी में स्कूल अपनी मनमर्जी से सुबह पाली में लगाई जा रही है। जबकि एक परिसर में संचालित एक स्कूल को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगाना है। इस पर संयुक्त संचालक ने निर्देश दिए कि शासन के गाइड लाइन के अनुसार स्कूल लगाए। रानीतराई स्कूल में शिक्षक अपनी कक्षाओं में किताबें देख-देखकर पढ़ाते मिले। मोबाइल भी रखे हुए थे। परसुली स्कूल समय से पहले ही बंद मिला। दुर्ग जिले में भी शासन के निर्देशानुसार शनिवार को विद्यालय पूरे समय संचालित नहीं हो रहे हैं। इसलिए दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि शासन के निर्देशानुसार शनिवार को 10 बजे से 4 बजे तक विद्यालयों का संचालन कराना सुनिश्चित करें।

## संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय के औचक निरीक्षण के दौरान खुलासा

### हेडमास्टर व दो शिक्षक गैरहाजिर

जेडी उपाध्याय को हेडमास्टर व दो शिक्षक अनुपस्थित मिले। प्राथमिक शाला सोमनी की अनुपस्थित प्रधान पाठक नरेश कुमार दुरुगकर एवं एवं सहायक शिक्षक अपर्ण रामटेके को कारण बताओ सूचना जारी किया जा रहा है।

### विद्यार्थियों को प्रेरित किया जेडी ने

जेडी उपाध्याय ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमनी, शासकीय उच्चतर विद्यालय हरदी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीतराई , स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय। देवरी बांग्ला प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला परसूली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमनी में प्रार्थना सभा में उपस्थित हुए एवं प्रार्थना उपरान्त विद्यार्थियों से। विद्यार्थियों के गुण एवं लक्षणों के संबंध में चर्चा करते हुए विभिन्न कहानियों एवं प्रेरक उदाहरणों से विद्यार्थियों को प्रेरित किया।



**इस स्कूल में पहले से ही छुट्टी :** जेडी उपाध्याय ने कक्षा 12वीं के छात्रों से चर्चा की एवं उनके अध्ययन अध्यापन के बारे में जानकारी लेते हुए बेहतर शिक्षण हेतु निर्देश दिया एवं प्रेरित किया। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय देवरी बांग्ला में समय से पूर्व ही छात्रों को छुट्टी कर दी गई। नाराज जेडी ने जिला शिक्षा अधिकारी बालोद को निर्देशित किया की प्राचार्य स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय के खिलाफ नियम विरुद्ध कार्य करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

### परसुली हेडमास्टर को निलबंन के निर्देश

शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला परसूली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। 1. 30 बजे दोनों विद्यालय बंद पाए गए विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंडी लोहारा से इस संबंध में जानकारी लिया एवं प्राथमिक शाला परसुली के प्रधान पाठक के ऊपर कार्रवाई करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी बालोद को निर्देशित किया व परसूली के प्रधान पाठक साहू के द्वारा समय से पूर्व विद्यालय बंद किए जाने पर उनके खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की जा रही है।

## अनियमितता : अंजनी पैलेस वार्ड 17 को लेकर निगम में हुई थी शिकायत

# टैक्स वसूली में गड़बड़ी : 3.58 लाख कम संपत्तिकर की वसूली, स्वविवरणी भी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम दुर्ग में कम टैक्स वसूली को लेकर गड़बड़ी सामने आई है। इस मामले में अनियमितता के संदेह को लेकर आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निगम के अधिकारी सहित चार कर्मियों को नोटिस जारी किया है। राजस्व अधिकारी रामकमल बोरकर, तत्कालीन सहायक राजस्व अधिकारी भूपेंद्र गोईर, उप राजस्व निरीक्षक संजय मिश्रा और राजस्व निरीक्षक बलदाऊ पटेल को नोटिस जारी तक तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है।

इस मामले में शिकायत के आधार पर आयुक्त ने यह कार्रवाई की है। शिकायत के मुताबिक वार्ड-17 में अंजनी पैलेज लाखन पिता श्याम सुंदर सिंह की फर्म से करीब 3.58 लाख रुपए की कम वसूली गई है। खास बात यह है कि इस मामले में स्वविवरणी रिपोर्ट भी गायब है, जब जिम्मेदार कर्मचारियों से आयुक्त ने जानकारी चाही, तो उन्होंने स्वविवरणी रिपोर्ट भी नहीं होने की बात कही। बता दें कि स्वविवरणी में उपलब्ध कराई जानकारी के आधार पर ही कर का निर्धारण किया जाता है। इस मामले में हुई जांच के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

## नगर निगम दुर्ग के राजस्व अधिकारी बोरकर सहित 4 कर्मचारियों को नोटिस




### शिकायत के बाद जांच टीम गठित, प्रतिवेदन के बाद कार्रवाई, तीन दिन में जवाब देने कहा

जानकारी के मुताबिक इस मामले में हुई शिकायत के बाद आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जांच कमेटी गठित की। जांच टीम ने सभी पक्षों की जानकारी ली। दस्तावेजों का परीक्षण किया। दस्तावेजों के परीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट आयुक्त को प्रस्तुत की। प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर आयुक्त ने चारों जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों को नोटिस जारी किया। उन्हें तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। साथ ही संतोषजनक जवाब नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जानकारी के मुताबिक रिपोर्ट अब तक प्रस्तुत नहीं की गई है। खबर है कि अगले दो दिन अवकाश होने की वजह से सोमवार यानी 25 अगस्त को जवाब प्रस्तुत किया जाना है। अनियमितता सामने आने के बाद राजस्व विभाग के अधिकारियों के हाथ-पैर फूलने लगे हैं।

### जानिए, जांच प्रतिवेदन में क्या कुछ जिसके आधार पर कर्मचारियों को नोटिस

जानकारी के मुताबिक जांच प्रतिवेदन में 3.58 लाख रुपए की कम वसूली की बात सामने आई है। अंजनी पैलेस के स्थल निरीक्षण के दौरान भवन स्वामी से टैक्स रसीद और बीसीसी डायवर्सन की प्रतिलिप ली गई। खुली भूमि का डायवर्सन वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक 3 वर्ष को अधिभार सहित संपत्तिकर व अन्य कर 3,25,555 और निर्मित क्षेत्र में 32,935 रुपए कु 3,58,490 रुपए की कम वसूली हुई। इस प्रकार निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई। इसके बाद भवन स्वामी ने स्वविवरणी की मांग की, लेकिन विवरणी नहीं मिल पाई, बाद में जानकारी दी गई कि विवरणी गुम है। इसके कारण संपत्तिकर मं अंत 32,935 रुपए का नियमानुसार 5 गुना करदाता से बिना विवरणी के अधिरोपित नहीं किया जा सकता। इस प्रकार निर्मित क्षेत्र की अंतर की राशि यानी 5 गुना 1,64,675 रुपए जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों से वसूला जाना प्रस्तावित है। आयुक्त ने इसे घोर लापरवाही कहते हुए नोटिस जारी किया है।

### निगम में चलेगा अभियान, ऐसे सभी मामलों में होगी जांच

जानकारी के मुताबिक इस मामले के खुलासे के बाद निगम आयुक्त ने शहर में सभी प्रमुख मामलों के जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसे लेकर सर्वे होगा। ऐसे सभी मामलों की जांच होगी। बता दें कि लंबे समय तक शहर में स्पैरो नामक संस्था ने टैक्स की वसूली की। इस दौरान कई अनियमितता भी सामने आई। एजेंसी को रिकवरी नोटिस भी जारी किया, लेकिन स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। वर्तमान में निगम का राजस्व अमला टैक्स की वसूली कर रहा है। इसके बाद से लगातार कई मामलों में अनियमितता सामने आ रही है। सामान्य से कम टैक्स निर्धारण की शिकायतें सामने आ रही है। इधर जिम्मेदार अधिकारियों को पदीय दायित्व के निर्वहन में इस प्रकार की चूक को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 की कंडिका 3 के प्रावधानों के विपरीत माना है।

### जांच प्रतिवेदन के आधार पर जारी किया है नोटिस



जांच प्रतिवेदन के आधार पर चारों कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है। संपत्तिकर का काम आकलन किया गया है। इसके अलावा स्वविवरणी भी गायब है। जवाब के आधार पर चारों पर कार्रवाई की जाएगी। मामला काफी गंभीर है।
**-सुमित अग्रवाल,** आयुक्त नगर निगम दुर्ग

# चंडी मंदिर से नया पारा मार्ग का साढ़े 16 करोड़ से होगा चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के लिए शासन से एक और सौगात मिली है।



केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के पहल पर राज्य शासन के वित्त विभाग द्वारा चंडी मंदिर से नया पारा मार्ग के चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य हेतु 16.53 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किए है। आस पास के गांव से दुर्ग आने वाले नागरिकों का सफर सुगम होगा।

- मंत्री गजेंद्र की पहल पर हेतु 16 .53 करोड़ स्वीकृत

इस स्वीकृति से दुर्ग शहर के विकास को नई गति मिलेगी। शहर के भीतरी क्षेत्र में लंबे समय से बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने में यह कार्य मील का पत्थर साबित होगा। चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य पूरा होने के बाद नागरिकों को आवागमन में सहूलियत होगी और यातायात व्यवस्था सुगम होगा। चंडी मंदिर से नयापारा सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ जल निकासी व्यवस्था, डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट एवं सड़कों की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

घनी आबादी जुड़े क्षेत्र के इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग स्थानीय जनता बरसों से कर रहे थे, उनकी लंबित मांग को प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने गंभीरता से लिए और इंजीनियर की टीम के साथ मौका का निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार कराए और शासन स्तर पर 16.53 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की दुर्ग शहर के सतत विकास और नागरिकों की सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता है।

चंडी मंदिर से नया पारा मार्ग का चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य पूरा होने के बाद जहां ट्रैफिक का दबाव कम होगा, वहीं क्षेत्र की सौंदर्यता और यातायात व्यवस्था में भी बड़ा सुधार आएगा। इससे न केवल दुर्ग शहर के नागरिकों को राहत मिलेगी बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को भी सुगम यातायात का लाभ प्राप्त होगा।

# स्कूटी पर रिकेश निकले वार्डों की समस्याएं जानने, हर वार्ड को आदर्श बनाने दोहराया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



वार्डों की समस्याएं जानने विधायक रिकेश सेन शुक्रवार की शाम सुपेला राधिका नगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वार्ड की खराब सड़कों और खाली पड़े मैदान को दुरूस्त और व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। लगभग 4 घंटे तक उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ पूरे वार्ड का भ्रमण करते हुए स्ट्रीट लाईट, नाली, साफ सफाई, पेयजल आपूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के विषय में जानकारी ली। वार्ड में हर ऐसी जगह जो सदुपयोग के अभाव में झाड़ी और गंदगी से अटी पड़ी है, उसे साफ कर उद्यान और खेल मैदान के रूप में विकसित करने सूचीबद्ध किया। जब वार्डवासियों ने लंबे समय से कुछ जर्जर सड़कों के संधारण की मांग की तो विधायक ने तत्काल अधिकारियों से चर्चा कर प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। ऐसी सड़कें जो दुरूस्त होते हुए भी कुछ जगह पर खराब हैं, उनको तुरंत पेंच वर्क से ठीक करने काम भी शुरू करवाया। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा के हर वार्ड को एक आदर्श वार्ड के रूप में विकसित करने के संकल्प के साथ उन्होंने वार्ड चलो अभियान के द्वितीय चरण की शुरुआत की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इसी कड़ी में वो राधिका नगर वार्ड क्रमांक-7 पहुँचे हैं, यहां क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन, मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता सहित राधिका नगर वार्ड के अनेक लोग शामिल हुए।

- सीधे संवाद से हल होंगी समस्याएं

# बारिश से नालियां जाम, नहीं उठ रहा कचरा, आपदा से निपटने अधूरी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने बारिश के दिनों में आपदा से निपटने के लिए की तैयारी पर सवाल उठाए हैं। संगठन के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि दुर्ग में बारिश की वजह से लगातार नालियां जाम की समस्या सामने आ रही है। भिलाई में भी कमोबेश ऐसे ही हालात हैं। आपदा प्रबंधन के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को दी जाने वाली राशि का उपयोग कहां हो रहा, इसकी जांच होनी चाहिए। करोड़ से आपदा प्रबंधन के नाम पर खेल चल रहा, कहीं कोई स्पष्ट जानकारी शासन-प्रशासन द्वारा नहीं दी जा रही है। कलेक्ट्रेट में आपदा प्रबंधन का पूरा काम केवल एक कमरे में हो रहा है।

- आम आदमी पार्टी ने की शिकायत

बारिश में कहीं भी जल भराव हो उसकी जानकारी देने केवल एक फोन नंबर जारी किया गया है। इस नंबर की जानकारी भी लोगों को नहीं है। अफसर मान लेते हैं कि जल भराव की वजह से लोगों को ज्यादा समस्या नहीं है! सड़क पर गिरे पेड़ को हटाना हो या उसे काटना हो, बिजली के खम्भे हटाना हो या वायर को ठीक करना हो इस तरह किसी भी काम करने के लिए प्रशासन के पास कोई आधुनिक उपकरण नहीं होते, सारा काम लेबरों के भरोसे चल रहा है। किसी मोहल्ले में अगर ज्यादा पानी भर गया हो तो लोगों को शिफ्ट करने के लिए ना तो कोई वोट आदि है ना ही कोई अन्य उपकरण है यही वजह है कि लगातार बारिश के बाद प्रशासन, पुलिस और निगम के अफसर केवल पानी उतरने का ही इंतजार करते हैं। जिले के सभी तहसीलों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष बनाने में 24 घंटे निगरानी का आदेश जारी कर अफसर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

# उप स्वास्थ्य केंद्र हल्दी व पीएचसी बेलौदी सुधार के लिए मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**गुण्डरदेही।** जनपद पंचायत गुण्डरदेही के सभापति अश्वनी कुमार कटहरे ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के एक दिवसीय बालोद प्रवास के दौरान विश्राम गृह बालोद में मुलाकात कर उप स्वास्थ्य केंद्र हल्दी के अधूरे पड़े भवन को जल्द पूर्ण कराने की मांग की तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलौदी के चारों ओर बाउंड्रीवाल कराने की मांग पत्र सौंपा। जहां मंत्री ने उक्त मांगों को जल्द पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

## गांवों में कृषि कार्य जोरों पर, किसान जुटे निदाई में



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के गावों में कृषि कार्य पूरी गति से चल रहे हैं। किसान खेतों में धान की चलाई और खरपतवार निकालने में लगे हुए हैं। शुरुआत में पानी की कमी के कारण खेतों में कई प्रकार के खरपतवार जैसे सांवा, बदौर, दल्ली बन, फूलही बन उग आए थे, जो धान की वृद्धि में बाधक बन रहे हैं। किसान बताया कि इस साल समय पर हुई बारिश से फसल अच्छी है। हालांकि, पत्तियों में पीलापन होने के कारण दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। इसके बावजूद खरपतवार के कारण अतिरिक्त निंदाई, दवाई और खाद में खर्च बढ़ रहा है। साथ ही, गांव में कृषि मजदूरों की कमी के चलते आस-पास के गांवों से मजदूर बुलाकर काम किया जा रहा है, जिससे मजदूरी और लागत में वृद्धि हो रही है। इसके बावजूद किसान आशा और विश्वास के साथ कृषि कार्य में जुटे हैं।

## बीएमवाय चरोदा में होने वाले आयोजन को लेकर हुई बैठक

# रेलवे स्टाफ 7 को मनाएगा तीज उत्सव, सांसद बघेल होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



छत्तीसगढ़िया रेल अधिकारी-कर्मचारी संगठन द्वारा 7 सितंबर को बीएमवाय चरोदा के सांस्कृतिक भवन में तीजा मिलन पारिवारिक समारोह का आयोजन किया गया है।

- तीजहारिन बहनों को परम्परानुसार मिलेगी साड़ियां

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल होंगे। अध्यक्षता कृष्णा चन्द्राकर सभापति नगर निगम भिलाई चरोदा करेंगे। विशिष्ट अतिथि निर्मल कोसरे महापौर भिलाई-चरोदा होंगे। बता दें कि कार्यक्रम के दिन चरोदा में मेला-मड़ई जैसा माहौल रहता है। इस आयोजन में एक हजार से भी अधिक रेलवे कर्मचारी परिवार सहित शामिल होते हैं।

संगठन अध्यक्ष चेतन साहू व सचिव मनोज वर्मा ने बताया कि बीएमवाय चरोदा में पूरे रायपुर मण्डल के रेलवे स्टाफ द्वारा तीजा परिवारिक मिलन समारोह की तैयारियां जोरशोर से की जा रही है। छत्तीसगढ़िया रेलवे कर्मचारी अधिकारी संगठन द्वारा लगातार सभी विभागों व महिलाओं की बैठक कर आयोजन को सफल बनाने जिम्मेदारी सौंपी गई। आयोजन के दौरान रेलकर्मियों द्वारा तीजा त्योहार के बाद समारोह का आयोजन किया जाता है जिसमें महिलाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं चम्मच दौड़, मटका फोड़, नारियल फेंक, म्युजिकल कुर्सी दौड़ भी आयोजित की जाती है। वहीं महिलाओं का सोलह श्रृंगार, छत्तीसगढ़ी व धार्मिक गाना-नृत्य, छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में जोड़ों का रैंप वॉक व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी तिजहारिन बहनों को छत्तीसगढ़ी परम्परा के अनुसार तीजा की साड़ी और प्रतियोगी बहनों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। छालीवुड स्टार दिलेश साहू, अनुकृति चौहान, दीपक साहू व अन्य कलाकार भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। बच्चों व महिलाओं के लिए झूला व कई मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# स्वदेशी सुरक्षा-स्वालंबन अभियान में लिया सामूहिक संकल्प



**गुण्डरदेही।** अगस्त क्रांति के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ चैबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं स्वदेशी जागरण मंच छत्तीसगढ़ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड मुख्यालय गुण्डरदेही में रैली निकालकर एवं सभा के माध्यम से स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वालंबन अभियान के अंतर्गत सामूहिक संकल्प लिया गया। जिसमें स्वदेशी उपयोग हेतु जनमानस से आग्रह किया गया। जिसमें चैंबर्स ऑफ कॉमर्स इकाई के अध्यक्ष प्रमोद जैन, महामंत्री सुरेश स्वर्णकार, भागचंद जैन, केशव राम साहू, भागवत राम साहू, स्वदेशी जागरण मंच संयोजक चंद्रहास साहू, अश्वनी कुमार साहू, सोमेश कुमार साहू उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



### आयुर्वेदिक अस्पताल के लिए स्वास्थ्य मंत्री से भेंट की

**गुण्डरदेही।** भाजपा कार्यकर्ता कमल नारायण साहू ने बालोद मे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात कर खपरी ब में आयुर्वेदिक अस्पताल खोलने के लिए मांग पत्र सौंपा, इस दौरान गांव के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कन्हारपुरी में सामूहिक करु भात का आयोजन

**गुरूर।** ग्राम कन्हारपुरी मे तीज पर्व के अवसर पर ग्राम के तीजहारिन माताओ एवं बहनो के लिए सामूहिक करू भात का आयोजन आज किया है। यह जानकारी ग्राम पंचायत कन्हारपुरी सरपंच तेजराम साहू ने दी।

### तीज पर्व पर तीजहारिन बहनों के लिए सामूहिक करु भात का आयोजन आज

**बालोद/कलंगपुर।** तीज त्यौहार के पावन पर्व पर स्थानीय कलंगपुर बस स्टैंड स्थित बाजार स्थल पर आज शाम 7 बजे से तीजहारिन बहन बेटियों के लिए सामूहिक करु भात का आयोजन यहां के नवगठित नवचेतना फाऊंडेशन कल्ब एवं समस्त ग्राम वासायों के तत्वावधान मे आयोजित किया गया है।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शिविर आज आयोजित

**जामगांव आर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देने बिजली विभाग ने आज शिविर रखा है। बिजली अधिकारी मिथलेश यादव ने सरकार की महत्वकांशी योजना पीएम सूर्यघर योजना की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु आपके समस्त वार्डवासी सोमवार, दिनांक 25 अगस्त को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर स्थल ग्राम पंचायत भवन, जामगांव आर' में पहुंचने हेतु आग्रह किए है। उन्होंने बताया कि एक ही छत के नीचे ऊर्जा उपभोक्ता से सोलर प्लांट लगाकर ऊर्जा उत्पादन कर ऊर्जा दाता बनने हेतु योजना से सम्बन्धित जानकारी हेतु विभागीय अधिकारी कर्मचारी के साथ रजिस्टर्ड वेंडर एवं बैंक के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहेंगे। पंजीयन भी शिविर में करा सकते है। साथ ही सोलर प्लांट लगाने हेतु शिविर स्थल में ही पंजीकरण कराने की सुविधा रहेगी, जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज यथा बिजली बिल की कॉपी, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की कॉपी सहित उपस्थित होना होगा।

### सूने मकान का ताला टूटा जेवरात और कैश गायब

**भिलाई।** दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात और नगदी रकम पार करने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक वसुंधरा नगर दक्षिण में दिन दहाड़े जिला अस्पताल दुर्ग में ओटी अटेंडर का काम करने वाली महिला बबीता वर्मा के मकान का ताला तोड़कर आलमारी से सोना चांदी के जेवरात और कैश 25 हजार गायब है। पीड़िता की बेटी रिमझिम स्कूल गई थी। उसकी मां नगर निगम भिलाई - चरोदा में डयूटी पर गई थी। बबीता के मुताबिक उसकी बेटी शाम करीब 4 बजे स्कूल से घर पहुंची तो घर के दरवाजा खुला था। अंदर जाकर देखी तो कमरे में सामान बिखरे पड़े थे। यह देख बेटी ने मां को फोन लगाया। फोन आने के बाद बबीता वर्मा घर पहुंची और देखा कि मकान के मेन दरवाजा का लगा ताला नीचे पड़ा बेडरूम में सामान बिखरा हुआ था। जेवर रखने के बाक्स एवं बैग खुला पड़ा मिला।

**स्पर्धा :** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए छात्रों ने रखे पक्ष-विपक्ष के तर्क

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद स्पर्धा हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में वंदना एवं वर्षा ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, राज गीत एवं सड़क सुरक्षा संबंधी गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने बताया कि सड़क सुरक्षा विषय पर केंद्रित पक्ष और विपक्ष संबंधित तर्क वितर्क देने वाले वाद विवाद के संवाद तैयार कर प्रतियोगिता में प्रस्तुति दी जाएगी तथा अंत में निष्कर्ष के माध्यम से लोगों को सड़क दुर्घटना के कारण से अवगत कराते हुए इसकी रोकथाम, यातायात के नियमों का पालन करने संबंधी संदेश दिया जाएगा। यह संवाद सड़क नियम का पालन करने से लाभ एवं इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के द्वारा किए जाने वाले नकारात्मक टिप्पणी एवं तथ्यों पर केंद्रित होगा प्रत्येक टीम में पांच पक्ष एवं पांचवी पक्ष से 10 प्रतिभागी होंगे, जिनका निर्धारित समय 10 मिनट दिया जाएगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहिनी यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा के महत्व को समझने एवं यातायात के नियमों के पालन को अमल में लाने के लिए जन समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित कर उन्हें जागरूक किया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं निर्णायक राकेश बाफना ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के स्कूली छात्र–छात्रओं के भीतर छुपी प्रतिभा को निखारने, वाकपटुता में दक्ष बनाने एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु एक मंच प्रदान किया गया है। निर्णायक शेषनारायण दुबे ने कहा कि स्कूली छात्र–छात्रओं के माध्यम से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने विशेष कर सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद के लिए आगे आने में उनकी भूमिका एवं कर्तव्य निर्वहन कर पीड़ित व्यक्ति को समय सीमा के अंतर्गत तत्काल अस्पताल पहुंच कर जीवन बचाने के लिए आगे आने वाले को प्रदर्शित करते हुए मंच के माध्यम से समुदाय में जन जागरूकता लाई जा सकती है। निर्णायक शुभम साहू ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है दुर्घटनाओं से बचने के लिए हेलमेट ना पहनना, सीट बेल्ट का प्रयोग ना करना, तेज रफ्तार से वाहन ना चलाना, मोबाइल से बात करते हुए एवं शराब सेवन कर वाहन ना चलाना तथा यातायात नियम संबंधी निर्देशों का पालन ना करना इस शिक्षा के माध्यम से हम देश के सुशिक्षित एवं सभ्य नागरिक का निर्माण कर सकते हैं। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा वाद विवाद प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद के छात्र–छात्रओं —तिका, अनीशा एवं साथियों ने प्रथम स्थान पर 2500 का पुरस्कार प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद की छात्रओं ने 2000 का पुरस्कार प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय झलमला की छात्रओं ने 1500 का पुरस्कार प्राप्त किया। तीन विद्यालयों स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालोद, उच्चतर माध्यमिक शाला बेलमांड, उच्चतर माध्यमिक शाला पीपरछेड़ी ने सांत्वना पुरस्कार 1000 प्राप्त किया। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमा ठाकुर, जितेंद्र गजेंद्र एवं ममता गुलाब टावरी ने भी छात्र–छात्रओं को सड़क सुरक्षा संबंधी मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता हरिश्चंद्र पटेल ने किया।

## खलारी में कबड्डी प्रतियोगिता ओड़ारसकरी टीम रही विजेता



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम खलारी में युवा स्टार कबड्डी क्लब एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर पहुँचे। उन्होंने फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों तथा आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता की विजेता टीम ओड़ारसकरी रही, वहीं उपविजेता आमटी तथा तीसरे स्थान पर सिकोसा की टीम रही। सभी विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कार वितरण किए। पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि खेल हमें जीवन में हार और जीत को समान भाव से स्वीकारने और खेल भावना से जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं। किसी गांव, कस्बे, शहर की पहचान वहां के खेल, खिलाड़ी और मैदान से होती है। किसी खेल में कौन जीता, कौन हारा यह महत्वपूर्ण नहीं होता है, बल्कि खिलाड़ी खेल के मैदान में उतरा है, यह महत्वपूर्ण होता है। कार्यक्रम में सरपंच राजेश सोरी, ग्रामीण अध्यक्ष डोमन साहू, नाथूराम, टहल सिंह, कामता साहू, परमानंद साहू, पूर्व सरपंच हितेश साहू, मनीष ठाकुर, गुलबीर साहू, बिसाली ठाकुर, रोशन साहू, राममिलन साहू सहित आयोजक समिति के सदस्य, प्रतिभागी खिलाड़ियों व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में अभिभावक बैठक संपन्न



**लाटाबोड़।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय, जगन्नाथपुर में शुक्रवार को अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिद्धिविनायक शिक्षण समिति के पदाधिकारी और बच्चों के पालक शामिल हुए। बैठक में बच्चों की पढ़ाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद और सुधार की दिशा पर चर्चा की गई। पालकों ने बच्चों में मोबाइल की लत और पढ़ाई में कमी की चिंता जताई। शिक्षकों ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई और मोबाइल के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। प्रधानाचार्य ताराचंद साहू ने बच्चों को सीमित समय तक ही मोबाइल उपयोग की अनुमति देने का निर्देश दिया। बैठक में घर और स्कूल के समन्वय से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया। बैठक में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा और बच्चों में संस्कार और संस्कृति के संरक्षण पर भी चर्चा हुई।

## शासकीय स्कूल में संस्कृत दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा में संस्कृत दिवस मनाया गया संस्कृत हमारी प्राचीन भाषा है जिसे हमारी संस्कृति की आत्मा कहा जाता है हमारी भारतीय संस्कृति में किसी भी कार्य की शुरुआत देव पूजा से की जाती है इस प्रकार कार्यक्रम की शुरुआत आदरणीय प्राचार्या सीमा जाम्बुलकर एवं वरिष्ठ व्याख्याता पद्मावती राव द्वारा मां सरस्वती का दीप प्रज्वलित एवं पूजन कर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत शुभम करोति कल्याणम श्लोक से कि गई ,इसके पश्चात सरस्वती वंदना कक्षा दसवीं की छात्राएं संध्या एवं साथियों द्वारा की गई संस्कृत भाषा के महत्व पर दसवीं की छात्रा डुलेश द्वारा प्रकाश डाला गया। संस्कृत भाषा में वार्तालाप नवमी की छात्राएं जिज्ञासा एवं जिया ने किया। संस्कृत में श्लोक एक शक्तिशाली उपकरण है। श्लोक का नियमित जाप ज्ञान एवं एकाग्रता को बढ़ाता है ज्ञानवर्धक श्लोको का पठन कक्षा ग्यारहवीं की छात्राएं कुमारी रश्मि एवं वैष्णवी द्वारा किया गया। संस्कृत में सूक्तियो का बहुत महत्व होता है। सूक्तियो का पठन कक्षा नवी के छात्र फणीश द्वारा किया गया, इस अवसर पर संस्कृत की व्याख्याता रंजना देवघरे ने कहा की तथ्यों एवं तर्कों के आधार पर संस्कृत भाषा सबसे पुरातन भाषा मानी जाती है। संस्कृत की व्याख्याता कविता लिमजे ने कहा कि संस्कृत को देव भाषा माना जाता है। यह कई भाषाओं की जननी है। अंत में एक रैली का आयोजन भोज साहू एवं एन खान के मार्गदर्शन में किया गया।

## यशवंत नेशनल यूथ आइकन अवार्ड के लिए चयनित

**बालोद/अर्जुन्दा।** जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के अंतर्गत अर्जुन्दा ब्लाक के ग्राम डुड़िया के युवा यशवंत कुमार टंडन पिता हूबलाल टंडन का नाम नेशनल यूथ आइकन अवार्ड के लिए पूरे छत्तीसगढ़ एकमात्र अकेले युवा है, जिनका नाम चयनित किया गया है।



यूथ सोशल ग्राम फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सामाजिक प्रतीक पुरस्कार 2025 चौथा संस्करण के लिए विजेताओं में से एक को चुना गया है। देशभर से प्राप्त 230 से अधिक नामांकनों में से निर्णायक मंडलों ने समाज में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता दी है और इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है। यह अवार्ड समाज सेवा के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार 29 अगस्त को एसएस. जैन सुबोध स्नातकोत्तर स्वायत्त महाविद्यालय जयपुर राजस्थान में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रशासनिक अधिकारी और फिल्म उद्योग की हस्तियां इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगी। इस नेशनल सोशल आइकन अवार्ड 2025 में चयनित होने पर यशवंत को उनके माता–पिता दोस्तों और गुरू जनों और गांव परिवार रिश्तेदारों सहित समाज के लिए लोगों ने हर्श व्यक्त की। यशवंत ने कहा कि यह पुरस्कार मेरा व्यक्तिगत रूप से नहीं है बल्कि मेरे साथ कंधे से कंधे मिलाकर मेरे साथ कार्य करने वाले और मुझे समय–समय पर मार्गदर्शन देने वाले माता–पिता और गुरु जनों का योगदान है।

## ग्राम चंदखुरी में सामूहिक पौधारोपण किया गया



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चंदखुरी में पौला पर्व के पावन अवसर पर वृक्ष मित्र मंडली ग्राम चंदखुरी द्वारा सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार समयः प्रातः 7:00 बजे स्थान ग्राम चंदखुरी का मिनी स्टेडियम में इस अवसर पर ग्राम चंदखुरी के मिनी स्टेडियम परिसर में 101 नीम पेड़ का सामूहिक पौधारोपण किया जाएगा।

मुख्य अतिथि कुलेश्वरी देवांगन अध्यक्ष, जनपद पंचायत दुर्ग, आशा विवकी मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, विशेष अतिथि गोपाल यादव जनपद सदस्य, चंदखुरी, कविता ठाकुर सरपंच ग्राम चंदखुरी, योगिता यादव उपसरपंच ग्राम चंदखुरी, पूर्व जनपद सदस्य ज्ञानेश्वर विक्की मिश्रा, उपस्थित रहे। आयोजकः वृक्ष मित्र मंडली एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम चंदखुरी मुख्य कार्यकर्ता मनीष निर्मलकर सभापति राजस्व एवं वन विभाग, दिनेश ठाकुर,राहुल चंद्राकर भूपेंद्र सिन्हा,संजू देशमुख केवल यादव भूपेंद्र साहू खिलेंद्र देशमुख, यशवंत देशमुख,जीवन ढीमर,गौतम निर्मलकर,रोमनाथ यादव,दुर्गेश साहू,त्रिलोक यादव,सुनील देशमुख,सोहन सिन्हा,कुंज लाल देशमुख प्रकाश निर्मलकर आइए एक पौधा लगाएँ, प्रकृति का ऋण चुकाएं।

## तीजा की पूर्व संध्या पर महिलाएं खायेंगी करू भात

**डौंडीलोहारा।** नगर व आसपास के ग्रामीण अंचलों में तीजा पर्व को लेकर महिलाएं उत्साहित हैं। तीजा से एक दिन पूर्व "करू भात" की परंपरा के तहत महिलाएं करेले की सब्जी, चावल, दाल, रोटी और पारंपरिक व्यंजन ग्रहण करती हैं। मान्यता है कि यह शरीर को शुद्ध करता है और व्रत में सहनशक्ति प्रदान करता है। घर-घर में पारिवारिक मिलन और रतजगा कर शिव-पार्वती की पूजा का आयोजन होता है। नगर के बाजारों में फल, हरी सब्जियां, व्रत-सामग्री और श्रृंगार सामान की खरीददारी देखने को मिल रही है। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से करूभात का आयोजन भी किया जाता है, जिससे समाज और परिवार में उल्लास और अपनापन बना रहता है। तीजा पर्व में "मायके जाना" की परंपरा भी निभाई जाती है, जिसमें महिलाएं अपने मायके में जाकर व्रत करती हैं। पर्व न केवल व्रत-उपवास का है, बल्कि यह पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर भी है। महिलाएं निर्जला व्रत के साथ सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना करेंगी।

### तीज महोत्सव का आयोजन किया गया

**गुण्डरदेही।** तीज महोत्सव के अवसर पर अर्जुन्दा मे 25 एवं 26 अगस्त को विधायक कुंवर सिंह निषाद के द्वारा तीज महोत्सव 2025 का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है, इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक तीज तिक एवं खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

## रजत महोत्सव पर जागरूकता रैली आयोजित



**गुण्डरदेही।** छत्तीसगढ रजत महोत्सव के अवसर पर एकीकृत बाल विकास परियोजना गुण्डरदेही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

जिसमें परियोजना के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुपरवाईजर, आईसीपीएस के स्टॉफ एवं मिशन शक्ति स्टाफ के स्टॉफ सहित 450 प्रतिभागियों ने भाग लिया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बच्चों के पोषण स्वास्थ्य शिक्षा, महिला शसक्तीकरण, बालिकाओं के सुरक्षा का संदेश देते जागरूकता रैली साहू भवन गुण्डरदेही से शुरु होकर नगर भ्रमण करते हुए जन मानस में जागरूकता के संदेश को प्रचारित किया। उक्त रैली में जिला से बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र कुमार साहू, योगेश साहू, जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग बालोद, परियोजना समन्वय वेद प्रकाश साहू, केस वर्कर शिव साहू, चाइल्ड हेल्पलाइन बालोद डॉ एस कुमार साहू, परियोजना समन्वयक मिशन शक्ति बालोद मुकेश कुमार, मिशन शक्ति महिला एवं बाल विकास विभाग बालोद, एकीकृत बाल विकास विभाग परियोजना गुण्डरदेही से परियोजना अधिकारी खलेश्वरी नेताम, सेक्टर पर्यवेक्षक, रूखमणी साहू, रीना लहरे, खिलेश्वरी चंद्राकर, स्मृति सिंह, नेहा सिंह, टिकेश्वरी भुवार्य एवं परियोजना के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**रासायनिक खेती से मुक्ति दिलाएगी गौधाम योजना**

## गोबर-गोमूत्र आधारित उत्पादों को बढ़ावा, गौधाम बनेगा प्रशिक्षण केन्द्र

हरिभूमि न्यूज:गुरूर

रासायनिक दवाई के उपयोग के कारण जमीन बजंर हो रही है, रासायनिक दवाईयो का फसलो में उपयोग के कारण लोगो को विभिन्न बिमारियां हो रही है, जिससे छूटकारा पाने के लिए, मानव जीवन को रोग मुक्त करने, गौं माता को संरक्षित करने व गोंबर गोंमूत्र के उत्पादो को बढ़ावा देने के लिए राज्य मे गौंधाम योजना लाई गई है। उक्त बाते छत्तीसगढ़ राज्य गौं सेवा आयोग के अध्यक्ष बिशेषर सिंह पटेल ने कही।

उन्होने राज्य सरकार द्वारा संचालित गौ धाम योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि गौ आधारित कृषि, को बढ़ावा देने, गाय को उपयोगी बनाने, घरों में गौ माता को पुनः स्थापित कराने, गौ माता रोजगार का माध्यम बने, गौ माता परिवार की आर्थिक समृद्धि का माध्यम बने, गौ माता मानव जीवन के स्वास्थ का आधार बने इस उद्देश्य से गौ धाम को प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में स्थापित किया जाएगा।



बिशेषर सिंह पटेल ने कहा योजना प्रारंभ हो गई है, तथा अगले कुछ माह में यह पूरे राज्य मे मूर्त रूप धारण कर लेगी। उन्होंने कहा इसका उद्देश्य गाय की रक्षा करना है। गाय को हम माता मानते है, गाय को लाभदायक नही होने की बात को लेकर लोग गाय को छोड़ देते है, गाय को लाभदायी बनाने के लिए हमने इस योजना की शुरूवात की है। इसके लिए सभी आवश्यक बातों को ध्यान देते हुए चारागाह विकास, देशी गाय कम दूध देती है, जिसका नस्ल सुधार व गोबर व गौमूत्र आधारित खाद दवाई का उत्पादन व उसके प्रशिक्षण के माध्यम से लोगो को रोजगार प्रदान करने का काम किया जाएगा।

उन्होने गौठान योजना व गौधाम योजना के अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया कि गौठान मे गाय को ले जाना और दिन भर रखकर वापस ले जाने का काम होता था, गौधाम मे धाम का अर्थ रहना होता है, अर्थात जिसमे गाय पूरी तरह वही निवास करेंगी और उनके चारे पानी से लेकर रहने की व्यवस्था की जाएगी। आयोग के अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा पहले चरवाहा परंपरागत रूप से गांव में रहते थे तथा गांव के लोग उन्हे कुछ राशि देते थे यह परंपरा खत्म हो रही है जिससे उनके परिवार का पालन तथा अन्य खर्च नही निकल पाने के कारण यह प्रथा खत्म हो रही है, लेकिन गौ धाम में कलेक्टर दर पर चरवाहे रखने की योजना सरकार के इस कार्यक्रम मे है। जहां छ.ग. की विष्णुदेव सरकार पहली बार इस प्रकार से चरवाहो का सम्मान करते हुए चरवाहो के लिए इतनी राशि दी जा रही है।

चारागाह विकास के लिए गौ सेवको को इनसे जोड़ा गया है, जिन्हे कुशल श्रमिक दर पर कुशल मजदूर के रूप में मानदेय की व्यवस्था है। जहां स्वयं सेवी संस्था द्वारा इसे चलाया जाएगा इसकी रूपरेखा भी तैयार है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

